आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 19.05.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री मोदी को नार्वे के राजा हेराल्ड पंचम ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रेंड क्रास ऑफ दी रॉयल नार्वेजियन आर्डर ऑफ मैरिट से सम्मानित किया।
- केंद्र सरकार ने कहा— भारत के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है।
- अल्मोड़ा जिला योजना बैठक में 74 करोड़ 73 लाख रुपये से अधिक के व्यय को मंजूरी।
- प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी, मैदानी जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की संभावना।
- देहरादून नगर निगम का अतिक्रमण के खिलाफ अभियान तेज, विभिन्न क्षेत्रों में अवैध कब्जे हटाए गए।

पीएम नॉर्वे दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नॉर्वे की पहली यात्रा के दौरान दोनों देशों ने भारत—नॉर्वे संबंधों को पर्यावरण अनुकूल रणनीतिक साझेदारी में उन्नत करने की घोषणा की है। ओस्लो में प्रधानमंत्री योनस गौर स्टोर के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त बयान में, प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह साझेदारी स्वच्छ ऊर्जा से लेकर जलवायु लचीलापन, समुद्री अर्थव्यवस्था से लेकर हरित शिपिंग तक के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देगी।

प्रधानमंत्री मोदी को नॉर्वे के महामहिम राजा हेराल्ड पंचम द्वारा रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट का ग्रैंड क्रॉस प्रदान किया गया।

पश्चिम एशिया संकट

केंद्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण आयात में व्यवधान के बावजूद देश के तेल शोधक कारखाने सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और भारत के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। पश्चिम एशिया में हाल की घटनाओं पर कल नई दिल्ली में आयोजित अंतर—मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार है।

इस बीच, सरकार ने यूट्यूब के उन वीडियो का खंडन किया है जिसमें दावा किया जा रहा है कि भारत में केवल नौ दिन का तेल भंडार बचा है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने दावे को भ्रामक बताते हुए कहा कि देश में लगभग 60 दिनों के कच्चे तेल का भंडार है और शोधन क्षमता भी पर्याप्त है।

अल्मोड़ा जिला कार्य योजना

कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत की अध्यक्षता में अल्मोड़ा जिला योजना की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए 74 करोड़ 73 लाख 70 हज़ार का व्यय अनुमोदन किया गया।

कैबिनेट मंत्री ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली और आगामी कार्ययोजना को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। डॉ रावत ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जिले के समग्र विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने और दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

पत्रकारों से बातचीत में डॉ रावत ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में जिला योजना की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार द्वारा 22 महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। साथ ही उन्होंने दावा किया कि रैंकिंग के आधार पर उत्तराखंड देश के शीर्ष 10 राज्यों में शामिल हुआ है।

मौसम

प्रदेश में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होने की संभावना है। विशेष रूप से हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और देहरादून जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहने का अनुमान है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया है। पेश है एक रिपोर्ट————

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने सभी जिलों को अत्यधिक गर्मी के प्रभाव को देखते हुए आमजन को आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग को हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और गर्मी जनित बीमारियों से निपटने के लिए अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया है।

इसके साथ ही पेयजल आपूर्ति और विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गये हैं। विद्यालयों, निर्माण स्थलों और बाहरी कार्यों में लगे श्रमिकों के लिए आवश्यक एहतियाती उपाय सुनिश्चित करने तथा बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों के लिए विशेष सावधानी बरतने पर जोर दिया गया है।

विभाग ने लोगों से धूप से बचने, अधिक मात्रा में पेय पदार्थों का सेवन करने, अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने तथा दोपहर के समय बाहर निकलने पर सिर को ढककर रखने की सलाह दी है।

उधर, देश के मैदानी इलाकों में पड़ रही भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों का रुख कर रहे हैं। राज्य के प्रमुख प्राकृतिक झरनों, तालाबों और गदेरों में भी सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। वीकेंड पर देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश और नैनीताल और अन्य पर्यटक स्थल सैलानियों से गुलजार हैं। बड़ी संख्या में पर्यटकों के आगमन से स्थानीय व्यापारियों में उत्साह है।

सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए वीकेंड पर विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है, जिससे पर्यटकों की आवाजाही सुगम बनी हुई है।

अतिक्रमण

देहरादून नगर निगम, शहर को स्वच्छ, सुगम और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चला रहा है। इसी क्रम में नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण और अवैध कब्जों के विरुद्ध व्यापक कार्यवाही की।

नगर आयुक्त के निर्देश पर वार्ड संख्या 100 में पार्षद स्वाति डोभाल की शिकायत के बाद गुजरोवाली स्थित कृष्ण विहार क्षेत्र में सड़क पर किए गए अवैध कब्जों को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। इस दौरान संबंधित लोगों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की कड़ी चेतावनी भी दी गई।

इसी क्रम में बल्लूपुर पंतवाड़ी क्षेत्र में सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमणों को हटाकर मार्ग को बाधामुक्त कराया गया। वार्ड संख्या 3 में भी निगम की टीम द्वारा लगातार अभियान चलाकर अवैध कब्जों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

नगर निगम ने शहर में लगाए गए अवैध होर्डिंग्स और विज्ञापन सामग्री को हटाने की कार्यवाही भी की।

सुवाखोली विकास कार्य

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के सुवाखोली में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए अधिकारियों से सभी परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने को कहा।

कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

इस बीच, श्री जोशी ने गढ़–बुरांसखण्डा मोटर मार्ग के सर्वे कार्य का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों को मोटर मार्ग निर्माण कार्य को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

प्रदेश में पर्यटकों के आवागमन पर दैनिक जागरण की सुर्खी है– वीकेंड पर उमड़ रहा वाहनों का रेला, 45 हजार वाहन पहुंचे दून।

दून अस्पताल में कैंसर की सस्ती जांच– इस शीर्षक के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– अस्पताल की रेडियोलॉजी विभाग में अब शरीर की गांठों में कैंसर की सटीक पर बेहद सस्ती जांच के लिए सीटी स्कैन गाइडेड बायोप्सी शुरू हो गई है।

अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर राज्य सरकार में चयनित युवाओं की नियुक्ति को आज सभी समाचार पत्रों ने पहले पृष्ठ पर प्रकाशित किया है। इस खबर पर अमर उजाला लिखता है– सीएम ने 4 साल में चयनित कर्मियों को डिजिटल माध्यम से लिखा पत्र।